# Punjab Lecturer

## Previous Year Paper (Hindi) 2021

Test Prime By Adda247

# ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

Test. Analyze. Improve. Repeat.

## Don't just prepare. Perform.

Test Prime — built only for mock tests.

**1,50,000+** Mock Tests

**25,000+** Previous Year Papers

**800+** Exam Covered

**500% Refund** on Selection

**5 lakh+** Free Quizzes


**Daily** Free PDFs

**Job Alerts** Stay Updated

- Multilingual
- Detailed Solution
- Strong and Weak Areas

**All India Rankings**

Compete with lakhs.
Rank. Improve. Repeat.




DOWNLOAD THE APP

Adda247 GET IT ON Google Play

## Hindi

1. 'द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद' का संबंध निम्नलिखित में किससे है?
(a) फ्रायड
(b) हौरेस
(c) हैलिडे
(d) कार्ल मार्क्स

2. आचार्य क्षेमेन्द्र ने किस संप्रदाय की स्थापना की?
(a) रीति
(b) औचित्य
(c) ध्वनि
(d) वक्रोक्ति

3. "चाँद का मुँह टेढ़ा है" किसकी काव्यकृति है?
(a) मुक्तिबोध
(b) पंत
(c) राजकमल चौधरी
(d) नागार्जुन

4. साहित्य को सामाजिक कर्म न मानकर वैयक्तिक कर्म मानने वाली आलोचना प्रणाली कौन सी है?
(a) संरचनावादी
(b) उत्तर आधुनिकतावादी
(c) मनोविश्लेषणवादी
(d) इनमें से कोई नहीं

5. 'सुजान' का संबंध निम्नलिखित किस कवि से है?
(a) जायसी
(b) मतिराम
(c) बिहारी
(d) घनानंद

6. अरस्तू के परवर्ती व्याख्याकारों ने निम्नलिखित में से 'विरेचन' का कौन सा अर्थ नहीं लिया?
(a) अर्थपरक
(b) धर्मपरक
(c) नीतिपरक
(d) कलापरक

7. "मैं हिन्दुस्तान की तूती हूँ, अगर तुम वास्तव में मुझसे कुछ पूछना चाहते हो तो हिंदवी में पूछो"– यह प्रसिद्ध पंक्तियां किसकी हैं?
(a) भारतेन्दु
(b) अमीर खुसरो
(c) विद्यापति
(d) महात्मा गांधी

8. निम्नलिखित में से कौन उत्तर आधुनिकतावादी चिंतक नहीं है?
(a) बौद्रिआ
(b) एफ.आर. लीविस
(c) फ्रेडरिक जेमेसन
(d) फ्रांसुआ ल्योतार

9. "स्त्री पैदा नहीं होती बल्कि बना दी जाती है" – किसका कथन है?
(a) विमसाट
(b) इलियट
(c) सैमुअल कॉलरिज
(d) सिमोन–द–बऊवा

10. जैनेन्द्र के अधिकांश उपन्यास किस वर्ग के हैं?
(a) मार्क्सवादी
(b) ऐतिहासिक
(c) मनोवैज्ञानिक
(d) धार्मिक

11. निम्न में से कौन प्रेमचंदयुगीन कहानीकार नहीं हैं?
(a) यशपाल
(b) सुदर्शन
(c) प्रसाद
(d) कौशिक

Adda247 GET IT ON Google Play

12. "अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी, आँचल में है दूध और आँखों में पानी"– किसकी पंक्तियाँ हैं?
(a) रामनरेश त्रिपाठी
(b) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(c) मैथिलीशरण गुप्त
(d) जयशंकर प्रसाद

13. 'अशोक के फूल' निबंध–संग्रह के लेखक कौन हैं?
(a) रामचन्द्र शुक्ल
(b) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(c) बाबू गुलाबराय
(d) रामधारी सिंह दिनकर

14. बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' किस युग के कवि थे?
(a) छायावाद
(b) द्विवेदी
(c) भारतेन्दु
(d) छायावादोत्तर

15. लोंजाइनस के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा काव्य दोष नहीं है?
(a) वागाडम्बर
(b) भावाडम्बर
(c) बालेयता
(d) अभिजात पद रचना

16. अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' किस युग के कवि थे?
(a) द्विवेदी
(b) भारतेन्दु
(c) छायावादोत्तर
(d) छायावाद

17. दिनकर को ज्ञानपीठ पुरस्कार उनकी किस कृति पर मिला?
(a) कुरुक्षेत्र
(b) उर्वशी
(c) रश्मिरथी
(d) संस्कृति के चार अध्याय

18. "मैं कहता हूँ आंखिन देखी, तू कहता कागद की लेखी" – किसकी पंक्तियाँ हैं?
(a) रैदास
(b) कबीर
(c) गुरु नानक देव जी
(d) दादू

19. "श्रृंगार और वात्सल्य के क्षेत्र में जहाँ तक सूरदास की दृष्टि पहुँची वहाँ तक और किसी की नहीं" – सूरदास के विषय में यह कथन किसका है?
(a) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(b) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी
(c) डॉ० रामविलास शर्मा
(d) डॉ० रसाल

20. मैथिलीशरण गुप्त की किस रचना की राष्ट्रीय भावना ने हिन्दी संसार में एक नई हलचल मचा दी थी?
(a) झंकार
(b) जय भारत
(c) द्वापर
(d) भारत–भारती

21. 'पद्मावत' की रचना किस शासक के काल में हुई?
(a) जहाँगीर
(b) अकबर
(c) शेरशाह सूरी
(d) औरंगजेब

Adda247 GET IT ON Google Play

22. मीराबाई की उपासना किस भाव की है?
(a) माधुर्य
(b) दास्य
(c) सख्य
(d) वात्सल्य

23. प्रत्येक वर्ष मातृभाषा दिवस कब मनाया जाता है?
(a) 10 जनवरी
(b) 14 सितम्बर
(c) 21 फरवरी
(d) 2 अक्टूबर

24. राजनीति में जो मार्क्सवाद है साहित्य में वही ..............है। इस वाक्य के रिक्त स्थान में क्या आएगा?
(a) रहस्यवाद
(b) प्रगतिवाद
(c) प्रयोगवाद
(d) छायावाद

25. साधारणीकरण का सिद्धांत किसकी देन है?
(a) भट्टलोल्लट
(b) शंकुक
(c) अभिनवगुप्त
(d) भट्टनायक

26. नाट्यशास्त्र को पंचम वेद किसने कहा है
(a) भरतमुनि
(b) राजशेखर
(c) जगन्नाथ
(d) विश्वनाथ

27. निर्वैयक्तिकता के सिद्धांत के प्रतिपादक कौन हैं?
(a) इलियट
(b) रिचर्ड्स
(c) अरस्तू
(d) फ्रायड

28. अव्यय किसे कहते हैं?
(a) जो शब्द आकर्षक न हो
(b) जो शब्द काल, लिंग या वचन अनुसार विकार को प्राप्त न हों
(c) जो शब्द काल, लिंग या वचन के अनुसार विकार को प्राप्त हों
(d) जो शब्द व्यय हो जाएं

29. व्युत्पत्ति की दृष्टि से 'पंकज' शब्द क्या है?
(a) रूढ़
(b) यौगिक
(c) योगरूढ़
(d) इनमें से कोई नहीं

30. जिस वाक्य में एक प्रधान वाक्य और एक या एक से अधिक अंग वाक्य होते हैं उसे क्या कहते हैं?
(a) संयुक्त वाक्य
(b) साधारण वाक्य
(c) मिश्रित वाक्य
(d) इनमें से कोई नहीं

31. जो शब्द शब्दों, शब्दांशों या वाक्यों को परस्पर जोड़ने का काम करते हैं, उन्हें क्या कहते हैं?
(a) संबंधबोधक
(b) युग्म
(c) संयुक्ताक्षर
(d) समुच्चयबोधक

Adda247 GET IT ON Google Play

32. 'अपभ्रंश' की गणना निम्नलिखित में से किसमें होती है?
(a) द्वितीय प्राकृत में
(b) तृतीय प्राकृत में
(c) प्रथम प्राकृत में
(d) इनमें से कोई नहीं

33. निम्नलिखित में मानक वर्तनी कौन सी है?
(a) संबंध
(b) सम्बन्ध
(c) संबन्ध
(d) सम्बंध

34. जॉन गिलक्राइस्ट ने खड़ी बोली को क्या नाम दिया?
(a) परिष्कृत
(b) राष्ट्रीय
(c) टकसाली
(d) विभ्रंश

35. हिन्दी की कितनी उपभाषाएँ हैं?
(a) अठारह
(b) पाँच
(c) तीन
(d) सात

36. अवधी में संज्ञा शब्दों के कितने रूप मिलते हैं?
(a) एक
(b) चार
(c) दो
(d) तीन

37. भारत में थियोसोफिकल सोसायटी का प्रतिनिधित्व किसने किया?
(a) ऐनी बेसेन्ट
(b) गिलक्राइस्ट
(c) केशवचन्द्र
(d) मैकाले

38. भाषा के संदर्भ में 'खस' का अन्य नाम क्या है?
(a) जयपुरी
(b) लहँदा
(c) मेवाती
(d) दरद

39. हिन्दी में तुलनात्मक आलोचना का प्रारंभ किसने किया?
(a) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(b) मैथ्यू आर्नाल्ड
(c) पद्मसिंह शर्मा
(d) भगवानदीप

40. निम्नलिखित में से रामचन्द्र शुक्ल का सैद्धांतिक समीक्षा संबंधी ग्रंथ कौन सा है?
(a) रस मीमांसा
(b) त्रिवेणी
(c) चिंतामणि
(d) जायसी ग्रंथावली

41. 'रिपोर्ताज' का मूल शब्द किस भाषा का है?
(a) चीनी
(b) फ्रैंच
(c) रूसी
(d) अंग्रेजी

42. आलोचकों ने 'इतिवृत्तात्मकता' को किस युग की प्रवृत्ति माना?
(a) द्विवेदी
(b) छायावादी
(c) स्वच्छन्दतावाद
(d) प्रगतिवाद

Adda247 GET IT ON Google Play

43. सावित्री मोहन राकेश के किस नाटक की पात्रा है?
(a) पैरों तले की ज़मीन
(b) आषाढ़ का एक दिन
(c) आधे अधूरे
(d) लहरों के राजहंस

44. एडलर ने मनोविज्ञान में निम्नलिखित में से किस पर बल दिया?
(a) इडिपस ग्रंथि
(b) इलेक्ट्रा ग्रंथि
(c) लिबिडो
(d) अहम्

45. एब्सर्ड नाटक की अवधारणा के मूल में क्या है?
(a) परम्परावाद
(b) अस्तित्ववाद
(c) मार्क्सवाद
(d) विखण्डनवाद

46. शैलीविज्ञान को भाषाविज्ञान से अलग स्वतन्त्र आलोचना प्रणाली मानने वाले विद्वान निम्नलिखित में से कौन नहीं है?
(a) गाल्प्रिन
(b) सैमूर चैटमैन
(c) डोलजियल
(d) उलमान

47. न्याय सिद्धांत और सांख्य दर्शन के आधार पर रसनिष्पत्ति की व्याख्या करने वाले चिंतक क्रमशः कौन से हैं?
(a) भट्नायक और भट्टलोल्लट
(b) शंकुक और भट्टनायक
(c) भट्टनायक और अभिनवगुप्त
(d) शंकुक और भट्टलोल्लट

48. निम्नलिखित पंक्तियां किस कवि की है? "एक नार ने अचरज किया, साँप मार पिंजरे में दिया"
(a) कबीर
(b) भारतेन्दु
(c) अमीर खुसरो
(d) विद्यापति

49. जो कवि मूलतः संस्कृत के लक्षण ग्रंथों पर आधारित लक्षण ग्रंथों के प्रणयन में प्रवृत्त रहे, उन्हें कहते हैं
(a) रीतिमुक्त
(b) रीतिबद्ध
(c) रीतिसिद्ध
(d) इनमें से कोई नहीं

50. भूषण कवि द्वारा रचित निम्नलिखित ग्रंथों में अलंकार निरूपक ग्रंथ कौन सा है?
(a) शिवा बावनी
(b) शिवराज भूषण
(c) छत्रसाल दशक
(d) दूषण उल्लास

51. निम्नलिखित में से अरविन्द दर्शन से प्रभावित कौन हैं?
(a) निराला
(b) प्रसाद
(c) महादेवी वर्मा
(d) पंत

52. उमर खैयाम की रूबाइयों का प्रभाव निम्नलिखित में से किसकी आरंभिक रचनाओं पर है?
(a) रामेश्वर शुक्ल अंचल
(b) भगवतीचरण वर्मा
(c) हरिवंशराय बच्चन
(d) गोपाल सिंह नेपाली

53. दलित विमर्श की वैचारिकता निम्नलिखित में से किससे प्रभावित है?
(a) अम्बेडकर
(b) ज्योतिबा फूले
(c) बौद्ध का दर्शन
(d) उपर्युक्त सभी

Adda247
GET IT ON Google Play

54. "वीरों का कैसा हो वसन्त?" किसकी प्रसिद्ध कविता है?
(a) सुभद्राकुमारी चौहान
(b) माखनलाल चतुर्वेदी
(c) दिनकर
(d) गुप्त

55. निम्नलिखित में से किस कवि के काव्य में छायावाद, रहस्यवाद और प्रगतिवाद तीनों की प्रवृत्तियाँ मिलती हैं?
(a) निराला
(b) नागार्जुन
(c) हरिऔध
(d) पंत

56. "तुलसी का सम्पूर्ण काव्य समन्वय की विराट चेष्टा है" किसका कथन है?
(a) श्यामसुंदर दास
(b) बाबू गुलाबराय
(c) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(d) आचार्य विनयमोहन

57. निम्नलिखित में वैष्णव धर्म के कवि कौन माने जाते हैं?
(a) निराला
(b) मैथिलीशरण गुप्त
(c) भारतेन्दु
(d) बालमुकुन्द गुप्त

58. गुरु गोबिन्द सिंह जी की वाणी निम्नलिखित में से किसमें संकलित है?
(a) आदि ग्रंथ
(b) आसा दी वार
(c) दशम ग्रंथ
(d) इनमें से कोई नहीं

59. महादेवी वर्मा द्वारा रचित काव्य संग्रहों के प्रकाशन का सही क्रम क्या है?
(a) नीहार, रश्मि, नीरजा, दीपशिखा
(b) दीपशिखा, नीरजा, रश्मि, नीहार
(c) नीरजा, रश्मि, नीहार, दीपशिखा
(d) रश्मि, नीरजा, नीहार, दीपशिखा

60. निम्नलिखित में मानक प्रयोग कौन सा है?
(a) करिए
(b) करिएगा
(c) करा
(d) कीजिए

61. गढ़वाली किसकी बोली है?
(a) मालवी की
(b) नेपाली की
(c) पहाड़ी की
(d) कुमाऊँनी की

62. तासी के हिन्दी साहित्य के इतिहास संबंधी ग्रंथ की भाषा कौन सी है?
(a) फ्रेंच
(b) डच
(c) अंग्रेजी
(d) रशियन

63. 'रानी केतकी की कहानी' के रचनाकार का नाम क्या है?
(a) सदल मिश्र
(b) ईंशा अल्लाह खाँ
(c) श्रद्धाराम फिल्लौरी
(d) लल्लू लाल

64. 'पद्मावत' में सर्गों को क्या कहा गया है?
(a) उपांग
(b) उच्छ्वास
(c) समय
(d) खण्ड

Adda247
GET IT ON Google Play

65. कबीर के 'बीजक' में निम्नलिखित में से क्या सम्मिलित है?
(a) बीजक, साखी, पद
(b) साखी, सबद, रमैनी
(c) दोहा, साखी, सबद
(d) सबद, रमैनी, दोहा

66. पशु अर्थ के लिए 'मृग' शब्द अब हिरण का वाचक हो गया। अर्थ परिवर्तन की दृष्टि से यह क्या है?
(a) अर्थसंकोच
(b) अर्थ समुच्चय
(c) अर्थादेश
(d) अर्थारोप

67. वैदिक संस्कृत में कितने वचन थे?
(a) चार
(b) पाँच
(c) तीन
(d) दो

68. ध्वनि यंत्रों में अलिजिह्वा से अभिप्राय है?
(a) तालू
(b) जीभ का निचला भाग
(c) जिह्वा
(d) कौवा

69. 'वे ध्वनियाँ जिनके उच्चारण में निःश्वास वायु अबाध गति से मुख विवर से बाहर निकल जाए' क्या कहलाती हैं?
(a) व्यंजन
(b) लेखिम
(c) प्लुत
(d) स्वर

70. "बिना पानी के कोई जीवधारी जी नहीं सकता" –यह उदाहरण वाक्य का कौन सा प्रकार है?
(a) आज्ञार्थक
(b) विधानार्थक
(c) निषेधात्मक
(d) संदेहसूचक

71. 'अरे यायावर! रहेगा याद' किस लेखक का यात्रा– साहित्य है?
(a) अज्ञेय
(b) मोहन राकेश
(c) धर्मवीर भारती
(d) निर्मल वर्मा

72. 'कोणार्क' नाटक के लेखक कौन हैं?
(a) भुवनेश्वर
(b) जगदीशचन्द्र माथुर
(c) चतुरसेन शास्त्री
(d) शंकर शेष

73. "निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल, बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटे न हिय को सूल" – किसकी पंक्तियाँ हैं?
(a) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(b) भारतेन्दु
(c) विनोबा भावे
(d) मैथिलीशरण गुप्त

74. ध्वनि यंत्रों में निम्नलिखित में से कौन सम्मिलित है?
(a) पैर
(b) आँखे
(c) किडनी
(d) फेफड़े

Adda247
GET IT ON Google Play

75. निम्नलिखित में से किसने 'अ' के आधार पर सभी स्वरों के लेखन का सुझाव दिया था?
(a) मिश्रबंधुओं ने
(b) नागरी प्रचारिणी सभा ने
(c) सावरकर बंधुओं ने
(d) काका कालेलकर ने

76. 'जागरण सुधार काल' किस युग को कहा जाता है?
(a) द्विवेदी युग
(b) छायावाद
(c) भारतेन्दु युग
(d) भक्तिकाल

77. देवनागरी लिपि का मानकीकरण कब हुआ?
(a) 1956 ई० में
(b) 1966 ई० में
(c) 1947 ई० में
(d) 1949 ई० में

78. हिन्दी वर्तनी के मानक रूप के अनुसार सर्वनाम शब्दों में एक कारक चिह्न कैसे लगाया जाता है?
(a) प्रातिपादिक से पहले
(b) प्रातिपादिक से हटाकर
(c) किसी भी तरह से
(d) प्रातिपादिक के साथ मिलकर

79. व्यंजन के नीचे लगे हलन्त/हल चिह्न से क्या अभिप्राय होता है?
(a) व्यंजन द्वित्व है
(b) व्यंजन स्वर सहित है
(c) व्यंजन स्वर रहित है
(d) इनमें से कोई नहीं

80. 'दायक' शब्द में कौन सा प्रत्यय है?
(a) दाय+क
(b) दा+अक
(c) द+आक
(d) दा+यक

81. 'निर्दय' शब्द में कौन सा उपसर्ग है?
(a) निर्
(b) नि
(c) अय
(d) इनमें से कोई नहीं

82. लिपि के अर्थ में नागरी अथवा देवनागरी का सर्वप्रथम उल्लेख किसमें मिलता है?
(a) बौद्ध स्तूपों में
(b) सिंधु घाटी की सभ्यता में प्राप्त मुहरों में
(c) गुजरात के नरेश जयभट्ट के शिलालेख में (700–800 शती)
(d) सम्राट अशोक के शिलालेखों में

83. हिन्दी साहित्य के पूर्वमध्यकाल को अन्य किस नाम से भी जाना जाता है?
(a) मध्यकाल
(b) रीतिमुक्त काल
(c) दरबारी काल
(d) भक्तिकाल

84. 'प्रेमचंद युग' नामकरण किस विधा के आधार पर हुआ?
(a) नाटक
(b) उपन्यास
(c) कविता
(d) आलोचना

Adda247

GET IT ON Google Play

85. 'ए' स्केच ऑफ हिन्दी लिटरेचर' के लेखक कौन हैं ?
(a) गिलक्राइस्ट
(b) मैक्समूलर
(c) एडविन ग्रीव्ज
(d) एफ.ई. केई

86. 'चर्यापद' के रचयिता कौन हैं?
(a) सरहपा
(b) शबरपा
(c) जम्भनाथ
(d) लुइपा

87. महावीर प्रसाद द्विवेदी ने आदिकाल को क्या संज्ञा दी?
(a) चारणकाल
(b) आदिकाल
(c) बीजवपन काल
(d) सिद्धसामंत काल

88. नागरी लिपि को लोकनागरी नाम किस विद्वान ने दिया?
(a) विनोबा भावे
(b) काका कालेलकर
(c) सावरकर बंधु
(d) बाल गंगाधर तिलक

89. रसखान निम्नलिखित में से किस संप्रदाय में दीक्षित थे?
(a) श्रीसंप्रदाय
(b) चैतन्य
(c) सनकादि
(d) वल्लभ

90. निम्नलिखित में से कौन सा काव्य का हेतु नहीं है?
(a) व्युत्पत्ति
(b) प्रस्तुतीकरण क्षमता
(c) समाधि
(d) प्रतिभा

91. 'अनुभाव' के कितने प्रकार हैं?
(a) तीन
(b) दो
(c) तैंतीस
(d) नौ

92. संतकाव्यधारा और संतदर्शन का दार्शनिक आधार कौन सा है?
(a) विशिष्टाद्वैतवाद
(b) शुद्धाद्वैतवाद
(c) अद्वैतवाद
(d) द्वैतवाद

93. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार ग्रियर्सन और शिवसिंह सेंगर के साहित्येतिहास ग्रंथ क्या हैं?
(a) संदर्भ संग्रह
(b) वृत्त संदर्भ संग्रह
(c) साहित्य संदर्भ संग्रह
(d) वृत्त संग्रह

94. अभी तक अनुपलब्ध रासो ग्रंथ कौन सा है?
(a) नेमिनाथ रासो
(b) परमाल रासो
(c) बीसलखे रासो
(d) हम्मीर रासो

95. 'वीप्सा' है
(a) उभयालंकार
(b) अर्थालंकार
(c) शब्दालंकार
(d) मात्रिक छंद

Adda247 GET IT ON Google Play

96. ग्रियर्सन ने हिन्दी साहित्य के आरंभिक काल को क्या नाम दिया ?
(a) चारण काल
(b) सिद्धसामंत काल
(c) आदि काल
(d) बीजवपन काल

97. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार हिन्दी का पहला सूफी कवि कौन है ?
(a) मुल्ला दाऊद
(b) मंझन
(c) नूर मुहम्मद
(d) कुतुबन

98. भौगोलिक क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा भाषा परिवार कौन सा है ?
(a) सामी हामी परिवार
(b) भारोपीय परिवार
(c) बांटू परिवार
(d) काकेशियन परिवार

99. "उत्तर अपभ्रंश ही पुरानी हिन्दी है" – किसका कथन है ?
(a) श्रद्धाराम फिल्लौरी
(b) चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी'
(c) जार्ज ग्रियर्सन
(d) बाबू राम सक्सेना

100. भरतमुनि के रससूत्र के व्याख्याता भट्टनायक के सिद्धांत का क्या नाम है?
(a) अनुमितिवाद
(b) उत्पत्तिवाद
(c) भुक्तिवाद
(d) अभिव्यक्तिवाद

101. हिन्दी साहित्य के उत्तरमध्यकाल को मिश्रबंधुओं ने क्या नाम दिया ?
(a) श्रृंगार काल
(b) अलंकृत काल
(c) रीतिकाल
(d) सामंती काल

102. निम्नलिखित में से कौन सी कृति रसखान की नहीं है ?
(a) वृंदावन माधुरी
(b) अष्टयाम
(c) दानलीला
(d) प्रेमवाटिका

103. अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' की किस कृति में भ्रमरगीत परम्परा का निर्वाह हुआ है?
(a) वैदेही वनवास
(b) रसकलश
(c) प्रियप्रवास
(d) पारिजात

104. 'जाटू' निम्नलिखित में से किस बोली का नाम है?
(a) बाँगरू का
(b) बैसबाड़ी का
(c) बघेली का
(d) भोजपुरी का

105. 'अकहानी' पर निम्नलिखित में से किसका प्रभाव स्वीकार किया जाता है?
(a) ओढ़े हुए मैनरिज़्म का
(b) फ्रांस की एंटी स्टोरी का
(c) ब्रिटेन की औद्योगिक क्रांति का
(d) मार्क्सवाद का

106. तिलस्मी ऐयारी उपन्यासों के प्रवर्तक निम्नलिखित में से कौन हैं?
(a) गोपालराम गहमरी
(b) किशोरीलाल गोस्वामी
(c) दामोदर मुखोपाध्याय
(d) देवकीनंदन खत्री

Adda247 GET IT ON Google Play

**107.** मोहन राकेश के किस नाटक में कालिदास की प्रणय कथा कही गई है?
(a) पैरों तले की ज़मीन
(b) आधे अधूरे
(c) आषाढ़ का एक दिन
(d) लहरों के राजहंस

**108.** ध्वनि सिद्धांत के प्रवर्तक कौन हैं?
(a) कुंतक
(b) महिमभट्ट
(c) उद्भट
(d) आनंदवर्धन

**109.** 'अनुकरण' का मूल शब्द 'मिमेसिस' किस भाषा का है?
(a) फ्रेंच
(b) यूनानी
(c) जर्मनी
(d) जापानी

**110.** 'तुम वहन कर सको जन मन में मेरे विचार, वाणी मेरी चाहिए तुम्हें क्या अलंकार!– किसकी पंक्तियाँ हैं?
(a) पंत
(b) निराला
(c) भारतेंदु
(d) प्रसाद

**111.** सामाजिक के हृदय में वासना रूप में स्थित रति, उत्साह, शोक आदि भावों के उद्बोधक कारणों को क्या कहते हैं?
(a) विभाव
(b) अनुभाव
(c) संचारी भाव
(d) स्थायी भाव

**112.** भोजपुरी, मगही और मैथिली बोलियों के समूह को क्या कहते हैं?
(a) पूर्वी हिन्दी
(b) मेवाती
(c) बिहारी
(d) शौरसेनी

**113.** प्राणत्व के आधार पर हर वर्ग का पहला, तीसरा और पाँचवाँ व्यंजन क्या कहलाता है?
(a) सप्राण
(b) अल्पप्राण
(c) महाप्राण
(d) इनमें से कोई नहीं

**114.** छायावाद को मधुचर्या किस आलोचक ने कहा?
(a) नंददुलारे वाजपेयी
(b) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(c) नगेन्द्र
(d) रामचन्द्र शुक्ल

**115.** गीतिनाट्यों को भावनाट्य की संज्ञा किसने दी?
(a) नगेन्द्र
(b) रामविलास शर्मा
(c) रामचन्द्र शुक्ल
(d) नंददुलारे वाजपेयी

**116.** 'मेरी आत्मकहानी', जो कि हिन्दी की पहली आत्मकथा मानी जाती है, के लेखक कौन हैं?
(a) बाबू गुलाबराय
(b) नगेन्द्र
(c) सेठ गोबिन्ददास
(d) श्यामसुंदर दास

**117.** 'हार की जीत' कहानी के लेखक कौन हैं?
(a) उपेन्द्रनाथ अश्क
(b) जैनेन्द्र
(c) सुदर्शन
(d) मोहन राकेश

Adda247
GET IT ON Google Play

118. 'वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति' नाटक का कौन सा रूप है?
(a) प्रहसन
(b) गीतिरूपक
(c) भाण
(d) ईहामृग

119. 'लिपस्टिक की मुस्कान' नाटक के रचनाकार कौन हैं?
(a) उपेन्द्रनाथ अश्क
(b) विष्णु प्रभाकर
(c) लक्ष्मीनारायण मिश्र
(d) रामनरेश त्रिपाठी

120. खड़ी बोली का पहला महाकाव्य कौन सा है?
(a) पृथ्वीराज रासो
(b) प्रियप्रवास
(c) कामायनी
(d) साकेत

121. 'वीभत्स रस' का स्थायी भाव कौन सा है?
(a) त्रास
(b) भयानक
(c) जुगुप्सा
(d) निर्वेद

122. मम्मट ने कितने काव्य प्रयोजन बताए हैं?
(a) चार
(b) छह
(c) सात
(d) पाँच

123. 'कलम का सिपाही' रचना की विधा क्या है?
(a) रेखाचित्र
(b) निबंध संग्रह
(c) आत्मकथा
(d) जीवनी

124. 'श्रावकाचार' के लेखक कौन हैं?
(a) मुनि जिनविजय
(b) आसगु
(c) देवसेन
(d) विजयसेन सूरि

Adda247

125. 'तत्सुखी शाखा' का प्रवर्तन किसने किया?
(a) जीवाराम ने
(b) दयाराम ने
(c) कृपाराम ने
(d) सेवाराम ने

126. 'समस्यापूर्ति' किस युग की विख्यात काव्य पद्धति थी?
(a) द्विवेदी युग
(b) प्रसाद युग
(c) भारतेन्दु युग
(d) पूर्व मध्यकालीन युग

127. 'लाटी' को चौथी नई रीति किसने माना?
(a) भामह
(b) दण्डी
(c) वामन
(d) रुद्रट

128. 'चंद–छंद बरनन की महिमा' के लेखक कौन हैं?
(a) सदासुख लाल
(b) गंग
(c) जानकी प्रसाद खत्री
(d) नाभादास

Adda247 GET IT ON Google Play

129. हिन्दी पत्रकारिता का आरंभिक केन्द्र कौन सा था?
(a) कलकत्ता
(b) मैसूर
(c) बनारस
(d) अल्मोड़ा

130. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने किस कवि से रीतिकाल का आरंभ माना हैं?
(a) सोमनाथ
(b) मतिराम
(c) बिहारी
(d) चिंतामणि

131. 'विभाषा' कहते है;
(a) व्यक्ति बोली को
(b) कृत्रिम भाषा को
(c) अपभ्रष्ट भाषा को
(d) बोली को

132. केशव कृत 'कविप्रिया' में कितने प्रकाश हैं?
(a) बारह
(b) पन्द्रह
(c) सोलह
(d) बीस

133. 'उदीच्य' किन भाषाओं के समूह को कहते हैं?
(a) उड़िया, असमिया, बंगाली
(b) लहँदा, सिन्धी, पंजाबी
(c) बिहारी, उड़िया, असमिया
(d) पंजाबी, गुजराती, राजस्थानी

134. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार नाथ–संप्रदाय के लिए और कौन सा नाम प्रसिद्ध है?
(a) अवधूत संप्रदाय
(b) ब्रह्म संप्रदाय
(c) छूत संप्रदाय
(d) सनकादि संप्रदाय

135. हरिकृष्ण प्रेमी ने अपने नाटकों में भारतीय इतिहास के किस कालखंड को आधार बनाया
(a) प्रागैतिहासिक काल को
(b) मौर्यकाल को
(c) मध्यकालीन काल को
(d) इनमें से कोई नहीं

136. निम्नलिखित में कौन सा संग्रह दुष्यंत कुमार का है?
(a) नीम की पत्तियां
(b) साये में धूप
(c) सूर्य का सवाल
(d) धूप में हस्ताक्षर

137. 'मांस का दरिया' कहानी के लेखक कौन हैं?
(a) जैनेन्द्र
(b) धर्मवीर भारती
(c) मन्नू भण्डारी
(d) कमलेश्वर

138. 'अग्रप्रस्तुति' का संबंध निम्नलिखित में से किसके साथ है?
(a) शैलीविज्ञान
(b) मूल्य सिद्धांत
(c) उत्तर आधुनिकता
(d) मनोविश्लेषणवाद

139. 'भाषायोगविशिष्ट' के लेखक कौन हैं?
(a) सदल मिश्र
(b) रामप्रसाद निरंजनी
(c) गोपाल शर्मा
(d) बनारसीदास जैन

Adda247 GET IT ON Google Play

**140.** मुक्तिबोध की कविता 'अंधेरे में' का पहला प्रकाशन किस शीर्षक से हुआ था?
(a) उजाले के बाद अंधेरे में
(b) कुहासा अंधेरे का
(c) आशंका के द्वीप अंधेरे में
(d) जीवन संगीत अंधेरे में

**141.** 'पेरि इप्सुस' कृति के लेखक कौन हैं?
(a) अरस्तू
(b) प्लेटो
(c) लोंजाइनस
(d) इनमें से कोई नहीं

**142.** विद्वानों ने 'सतम्' और 'केंतुम्' का संबंध निम्नलिखित में से किसके साथ माना?
(a) भारोपीय परिवार
(b) वांटू परिवार
(c) काकेशियन परिवार
(d) हामी सामी परिवार

**143.** 'आकाशवाणी' शब्द का प्रयोग देववाणी के स्थान पर 'रेडियो' के लिए होना अर्थ परिवर्तन की कौन सी दिशा है?
(a) अर्थ नियंत्रण
(b) अर्थारोप
(c) अर्थसंकोच
(d) अर्थादेश

**144.** "यह कथा ज्योति की है अंधो के माध्यम से" किस कृति की प्रसिद्ध उक्ति है?
(a) अग्निलीक
(b) अंधायुग
(c) कुरुक्षेत्र
(d) राम की शक्ति पूजा

**145.** स्थान के आधार पर 'न' 'ल' ध्वनियाँ क्या हैं?
(a) वत्स्सर्य
(b) अलिजिह्वीय
(c) कंठय
(d) ओष्ठ्य

**146.** 'तद्भव' शब्दों से क्या अभिप्राय है?
(a) संस्कृत के शुद्ध शब्द
(b) आगत शब्द
(c) संस्कृत के शब्दों से विकसित शब्द
(d) अज्ञात व्युत्पत्तिमूलक

**147.** 'उद्देश्य' और 'विधेय' का संबंध किससे है?
(a) कथा साहित्य से
(b) वाक्य से
(c) शब्द से
(d) ध्वनि से

**148.** देश के किसी भी भाग में, कहीं से प्राप्त हिन्दी पत्रों के उत्तर किस भाषा में देने होंगे?
(a) अंग्रेजी में
(b) संबंधित राज्य की राजभाषा में
(c) किसी भी भारतीय भाषा में
(d) हिन्दी में

**149.** अमीर खुसरो ने अपनी किस कृति में भारतीय बोलियों के संबंध में विस्तार से लिखा है?
(a) कह मुकरियाँ
(b) देवलरानी और खिज्र खाँ
(c) नुहसिपहर
(d) इनमें से कोई नहीं

**150.** भारतीय अद्वैतवाद में जो स्थान माया का है, सूफी काव्य में वह स्थान किसका है?
(a) शैतान का
(b) लक्ष्मी का
(c) वैभव का
(d) प्रेम का

Test Prime By Adda247

# Previous Year Papers PDF

PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!

PDF

Free 25,000+ PDF's

High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly

ATTEMPT AS MOCK

Turn PDFs into real exam experience.
Analyze. Improve. Succeed.

Previous Year Papers PDF

Search

Banking | JAIIB & CAIIB | SSC | Railways

April 2026

11th Apr (Shift: 1)
HINDI
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques 60 Mins
DOWNLOAD ATTEMPT NOW

11th Apr (Shift: 1)
ENGLISH
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques 60 Mins
DOWNLOAD ATTEMPT NOW

11th Apr (Shift: 2)
HINDI
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques 60 Mins
DOWNLOAD ATTEMPT NOW

11th Apr (Shift: 2)
ENGLISH
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques 60 Mins
DOWNLOAD ATTEMPT NOW

February 2026

22nd Feb (Shift: 1)
ENGLISH
BOB Office Assistant MBT (...

Topic-wise & Exam-wise PDFs | Download & Study Offline | Attempt as Mock & Track Score | Smart Analysis & Performance

AVAILABLE IN

Banking | SSC | Railway | Teaching | UGC | Agriculture | Nursing

Bihar | UP | Punjab | WB | Odisha | TN | AP & Telangana | Haryana

DOWNLOAD THE APP

Adda247 GET IT ON Google Play

(LECTURER EXAMINATION KEY - JULY, 2021)

SUBJECT NAME : HINDI

BOOKLET SERIES : C

| QNO | RES | QNO | RES | QNO | RES | QNO | RES | QNO | RES |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | D | 31 | D | 61 | C | 91 | * | 121 | C |
| 2 | B | 32 | B | 62 | A | 92 | C | 122 | B |
| 3 | A | 33 | A | 63 | B | 93 | D | 123 | D |
| 4 | C | 34 | C | 64 | D | 94 | D | 124 | C |
| 5 | D | 35 | B | 65 | B | 95 | C | 125 | A |
| 6 | A | 36 | D | 66 | A | 96 | A | 126 | C |
| 7 | B | 37 | A | 67 | C | 97 | D | 127 | D |
| 8 | B | 38 | D | 68 | D | 98 | B | 128 | B |
| 9 | D | 39 | C | 69 | D | 99 | B | 129 | A |
| 10 | C | 40 | A | 70 | C | 100 | C | 130 | D |
| 11 | A | 41 | B | 71 | A | 101 | B | 131 | D |
| 12 | C | 42 | A | 72 | B | 102 | A | 132 | C |
| 13 | B | 43 | C | 73 | B | 103 | C | 133 | B |
| 14 | C | 44 | D | 74 | D | 104 | A | 134 | A |
| 15 | D | 45 | B | 75 | C | 105 | B | 135 | C |
| 16 | A | 46 | A | 76 | A | 106 | D | 136 | B |
| 17 | B | 47 | B | 77 | B | 107 | C | 137 | D |
| 18 | B | 48 | C | 78 | D | 108 | D | 138 | A |
| 19 | A | 49 | B | 79 | C | 109 | B | 139 | B |
| 20 | D | 50 | B | 80 | B | 110 | A | 140 | C |
| 21 | C | 51 | D | 81 | A | 111 | A | 141 | C |
| 22 | A | 52 | C | 82 | C | 112 | C | 142 | A |
| 23 | C | 53 | D | 83 | D | 113 | B | 143 | D |
| 24 | B | 54 | A | 84 | B | 114 | D | 144 | B |
| 25 | D | 55 | A | 85 | C | 115 | A | 145 | A |
| 26 | A | 56 | C | 86 | B | 116 | D | 146 | C |
| 27 | A | 57 | B | 87 | C | 117 | C | 147 | B |
| 28 | B | 58 | C | 88 | A | 118 | A | 148 | D |
| 29 | C | 59 | A | 89 | D | 119 | B | 149 | C |
| 30 | C | 60 | D | 90 | B | 120 | B | 150 | A |

*One Mark to all Candidates